हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024




# संगठन चुनाव में उम्र की बंदिशों से बड़े नेताओं की उड़ी नींद, नए चेहरों के खिले चेहरे

## जिला अध्यक्ष के लिए अधिकतम 60 एवं मंडल अध्यक्षों के लिए 45 साल की उम्र की गई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विभिन्न चुनाव में टिकट वितरण का अलग-अलग फार्मूला अपनाने के बाद भाजपा ने अब संगठन पदाधिकारी बनने के लिए जो क्राईटेरिया तय किया है, उससे बड़े नेताओं की नींद उड़ गई है। भाजपा के बड़े नेता जो मंडल अध्यक्ष बनने का सपना देख रहे थे, वह उम्र की बंधन के चलते अब दौड़ से बाहर हो गए हैं और संगठन का दायित्व नए लोगों को सौंपकर उन्हें आशीर्वाद की भूमिका निभाना पड़ेगा। इतना ही नहीं जिला अध्यक्ष से लेकर अन्य पदों के लिए भी उम्र की सीमा तय कर दी गई है, ऐसे में जिन नेताओं ने अपने लिए लॉबिंग की थी, उन्हें झटका लगा है। भाजपा अपना संगठन युवा करना चाहती है, यहीं कारण है कि उम्र की सीमा तय कर नए लोगों को पद दिए जाने की तैयारी कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान के पूरा होने के बाद भाजपा में अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आगामी 15 दिसंबर तक मंडल चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। चुनाव के लिए संगठन ने एक गाईड लाइन जारी किया है। जिसके तहत मंडल अध्यक्ष केवल 35 से 45 साल आयु के लोग ही बन पाएंगे। इस मापदंड से अध्यक्ष बनने की चाह के साथ सदस्यता अभियान में जी-तोड़ मेहनत करने वाले पहले ही दौड़ से बाहर हो जाएंगे। हालांकि इस निर्णय से उन नेताओं को फायदा मिल जाएगा, जो अब तक मंडल अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष जैसे पद की दौड़ में ही नहीं थे। प्रदेशभर में युवाओं को इन पदों पर मौका मिलेगा।

### अध्यक्ष भी दौड़ से बाहर

जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले के अधीन आने वाले विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष 45 पार के होने के कारण चुनाव होने के पहले दौड़ से बाहर हो गए हैं। यही स्थिति जिला भाजपा अध्यक्ष को लेकर बनने वाली है। जानकारी के अनुसार जिला अध्यक्ष वही व्यक्ति बन पाएगा, जो अंडर-60 को होगा। संगठन चुनाव के बाद भाजपा एक नए लुक में नजर आएगी।




### कामकाज होगा प्रभावित

जानकारी के अनुसार उम्र की सीमा तय होने के बाद मंडल अध्यक्ष बनने के लिए नए-नए नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। अध्यक्ष बनने रखने की चाह रखने वालों से लाबिंग करना भी शुरू कर दिया है, किन्तु गैर अनुभवियों के नेतृत्व में संगठन विभिन्न गतिविधियों को हाईकमान की मंशा के अनुरूप पूरा कर पाएगा, इसमें संदेह है।

### कार्यकारिणी का मापदंड नहीं

जानकारी के अनुसार भाजपा ने मंडल अध्यक्ष के लिए उम्र का मापदंड तो तय कर दिया है, किन्तु कार्यकारिणी के लिए कोई सीमा तय नहीं किया गया है। जिसका मतलब यह है कि वरिष्ठ लोग मंडल के पदाधिकारी बन सकते हैं। बड़ा सवाल यह है कि अपने से कनिष्ठ अध्यक्ष के अंडर में वरिष्ठ कैसे एडजेस्ट होकर संगठन का काम करेंगे।

## राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना, सोमवार से प्रदेशभर में होगा लागू

# घर बैठे रजिस्ट्री कराने देंगे होंगे 25 हजार, 15 हजार में तत्काल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अब लोगों को घर बैठे रजिस्ट्री कराने का फायदा मिलेगा, लेकिन इस सहुलियत के लिए खरीददार को मोटी रकम भी चुकानी पड़ेगी, यानि अगर आप 25 हजार देने में सक्षम हैं तो सरकारी चौखट लॉघे बगैर रजिस्ट्री हो जाएगी। बकायदा विभाग के अफसर घर पहुंच सुविधा देंगे। इसके अलावा रोजाना होने वाले रजिस्ट्री स्लाट की लिमिट फूल हो गई है और आपको तत्काल रजिस्ट्री करानी है तो इसके लिए पंद्रह हजार चुकता कर सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। यह दोनों सेवाएं सोमवार से लागू हो जाएगी। राज्य शासन ने इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी है।

इसके पहले घर बैठे रजिस्ट्री कराने का भी नियम था, लेकिन उसमें खरीददार के बीमार होने पर एक हजार लेने के बाद सुविधा मिलती थी, लेकिन इस नए पहल में राशि सीधे 25 हजार कर दी गई है। इसके अलावा तत्काल रजिस्ट्री का प्रावधान पहली बार राज्य शासन द्वारा किया गया है। इसमें रजिस्ट्री दफ्तर अगर बंद भी हो जाए और तत्काल प्रक्रिया करानी है तो पंद्रह हजार देने पर लाभ मिलेगा। शासन द्वारा इस नई पैड सर्विस के लिए विगत छह दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके बाद यह सोमवार से अमल में आ जाएगा।



**हक त्याग का काम पांच सौ में होगा** : पूर्व में हक त्याग के प्रकरण में पांच सौ में प्रक्रिया पूरी किए जाने की घोषणा राज्य शासन द्वारा की गई थी। इस संबंध में भी छह दिसंबर की अधिसूचना में आदेश जारी कर दिया गया है। यह सुविधा भी सोमवार से अमल में आ जाएगी। इसमें परिवार के सदस्य के पक्ष में रजिस्ट्री पर 500 रुपए ही लगेंगे। यह परिवार के रिश्तेदार पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, बहन तथा पौत्र-पौत्री शामिल हैं, के पक्ष में हक की रजिस्ट्री पर लागू होगा। इसी तरह अचल संपति के विक्रय, विनियम या दान, दो परिवार के सदस्यों से भिन्न व्यक्ति के प्रश्न में हो, ऐसे मामलों में रजिस्ट्री शुल्क बाजार मूल्य का चार प्रतिशत लगेगा।

### दोनों सेवाओं के लिए देने होंगे अतिरिक्त राशि

राज्य शासन द्वारा एक तो घर बैठे रजिस्ट्री और दूसरा तत्काल रजिस्ट्री नियम लागू की है। यह दोनों सेवाओं के लिए पक्षकार को स्टॉम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क के अलावा अतिरिक्त वहन करना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया में बदलाव के लिए सरकार ने एक्ट के अनुच्छेद सात में बदलाव किया है। रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क 25 हजार रुपए लगेगा, लेकिन इसके साथ ही रजिस्ट्री के लिए लिया जाने वाला सामान्य शुल्क भी अदा करना होगा। इस संशोधन की टीप में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद के अधीन अतिरिक्त फीस, वसीयतों तथा दत्तक ग्रहण के अधिकार पत्रों के रजिस्ट्रीकरण पर देय नहीं होगी। वहीं सब रजिस्ट्रार किसी निष्द्वापन में हितबद्ध होने के कारण या स्वयं रजिस्ट्रीकरण के लिए असमर्थ हो।

### देनी होगी अतिरिक्त राशि

राज्य शासन द्वारा एक तो घर बैठे रजिस्ट्री और दूसरा तत्काल रजिस्ट्री नियम लागू की है। यह दोनों सेवाओं के लिए पक्षकार को स्टॉम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क के अलावा अतिरिक्त वहन करना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया में बदलाव के लिए सरकार ने एक्ट के अनुच्छेद सात में बदलाव किया है। रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क 25 हजार रुपए लगेगा, लेकिन इसके साथ ही रजिस्ट्री के लिए लिया जाने वाला सामान्य शुल्क भी अदा करना होगा। इस संशोधन की टीप में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद के अधीन अतिरिक्त फीस, वसीयतों तथा दत्तक ग्रहण के अधिकार पत्रों के रजिस्ट्रीकरण पर देय नहीं होगी। वहीं सब रजिस्ट्रार किसी निष्द्वापन में हितबद्ध होने के कारण या स्वयं रजिस्ट्रीकरण के लिए असमर्थ हो।

### उपपंजीयक को 65 रजिस्ट्री का स्लाट

उपपंजीयक को एक दिन में 65 रजिस्ट्री का स्लाट मिलता है। इसके बाद दूसरे दिन की तिथि पक्षकारों को दी जाती थी, लेकिन अब महज पंद्रह हजार देने पर 66 नंबर पर आपकी रजिस्ट्री हो जाएगी, यानी जो लोग यह चाहते हैं कि उनकी रजिस्ट्री टाइम स्लॉट से अलग उनके मांगे समय पर होनी चाहिए, तो उन्हें इस काम के लिए 15 हजार रुपए देने होंगे। पंजीयन विभाग के कामकाज के जानकारों के मुताबिक राज्य में इस तरह की व्यवस्था पहली बार की गई है। इससे पहले होता यह था कि जिसे भी रजिस्ट्री करवाना हो, उन्हें रजिस्ट्री दफ्तर आना ही पड़ता था। यह बदलाव करने के लिए वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग ने रजिस्ट्रीकरण एक्ट में संशोधन किया है।

# समाज को संस्कारी बनाने का काम कर रही संस्था

## सीएम के हाथों ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथिद्वय ने केक भी काटा।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने राजनांदगांव की आवश्यकता के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव में भव्य ज्ञान मानसरोवर भवन का शुभारंभ किया गया है। निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लोगों को हर दृष्टिकोण से आध्यात्म के क्षेत्र में लाभ होगा। उन्होंने सभी को इसके लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार के कार्यक्रम में जाने में बहुत अच्छी अनुभूति होती है।



### ध्यान से मिलता है लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में बहुत भाग-दौड़ वाला समय है। ऐसे में लोगों को तनाव होना भी स्वभाविक है। ये तनाव केवल परेशान ही नहीं करते, बल्कि शारीरिक, मानसिक रूप से भी मनुष्य को कमजोर करते हैं और हर क्षेत्र में मनुष्य कमजोर हो जाता है। ऐसे समय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा राजमार्ग, राजयोग का ध्यान बताया गया है। जिससे निश्चित रूप से लाभ मिलता है। अब ध्यान को वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं।

### विश्वभर में सेवा का कामः रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज पूरी दुनिया में सेवा भाव से कार्य करती है। ब्रह्माकुमारीज निर्लिप्त भाव से सेवा का संकल्प लिया है। जिसके चलते विश्व के 145 देशों में 8000 से अधिक सेवा केन्द्र संचालित है। संयुक्त राष्ट्र संघ और यूनिसेफ जैसे वैश्विक संगठन के साथ मिलकर विश्व शांति के अभियान में ब्रह्माकुमारीज संस्था कार्य कर रहे हैं।

### आध्यात्मिक दीप जलाने की जरूरतः शारदा दीदी

डायरेक्टर ब्रह्माकुमारीज अम्बावाड़ी सब जोन अहमदाबाद राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शारदा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्था व्यक्ति के गुण, चरित्र एवं संस्कारों को परिषकृत करती है। यहां आने वाले लोगों के मन में आध्यात्मिक का दीप प्रज्जवलित किया जाएगा। उनमें ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महाकाल चौक का लोकार्पण आज

**राजनांदगांव।** महाकाल भक्तों की विशेष मांग पर महापौर परिषद एवं सामान्य सभा में पास कर सभी पार्षदों की सहमति से मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक कर दिया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख लोकार्पण करेंगी। नामकरण को लेकर शहर के महाकाल भक्तों में अपार उत्साह है। राजनांदगांव शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक का नाम अब बदल जाएगा। महापौर हेमा सुदेश देशमुख के अथक प्रयासों से एमआईसी के बाद पिछली निगम की सामान्य सभा में इस चौक का नामकरण महाकाल चौक कर दिया गया है। जिसका कल शाम 6 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं चेयरमैन,पार्षदों, गणमान्य नागरिकों एवं महाकाल भक्तों के साथ लोकार्पण किया जाएगा।

## माय एंगल




# मोबाइल दुकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- खैरागढ़ पुलिस की कार्रवाई, पांच मोबाइल बरामद

मोबाइल दुकान का शटर मोड़कर अज्ञात चोरों ने मोबाइल चोरी कर ली थी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर पांच मोबाइल बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 सितंबर को प्रार्थी हर्ष यादव 18 साल साकिन नया टिकरापारा खैरागढ़ संचालक आदिनाथ मोबाइल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 सितंबर की सुबह 7 बजे निक्कू जैन फोन कर बताया कि किसी दुकान के शटर का एक हिस्सा मुडा हुआ है, तब प्रार्थी द्वारा दुकान अंदर जाकर देखने पर पांच अलग-अलग कंपनी का मोबाइल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 331(4), 305, 3(5) भा.न्या.स. पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।


⏩ शेष पेज 12 पर




### आरोपियों से मोबाइल जब्त

आरोपी ईश्वर यादव के पेश करने पर उसके कब्जे से चोरी का एक आईटेल कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल, एक नग की-पेड मोबाइल एवं आरोपी गोल्डी उर्फ मोहन मंडावी के कब्जे से ओप्पो कंपनी का काला रंग की मोबाइल एवं सैमसंग कंपनी का की-पेड मोबाइल को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर भेजा। उपरोक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश सोनी, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास्तव, शिवलाल वर्मा, आर. जयपाल, चंद्र विजय, कमलेश कोर्राम, प्रमोद साहू, अनिलनाथ योगी, शैलेंद्र पटेल, विजय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उठाव के लिए 40 मिलर्स ने कराया अनुबंध 5 हजार क्विंटल धान उठाव का डीओ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुस्त परिवहन से केंद्रों में जाम के हालत से निपटने की कवायद तेज कर दी गई है। आंदोलन में जुटे राईस मिलर्स ने भी अब परिवहन में सहयोग करना शुरु कर दिया है। जिले में उठाव के लिए अब तक 40 मिलर्स ने अपना अनुबंध करा लिया है। आज से उठाव के लिए पांच हजार क्विंटल धान का डीओ भी जारी किया जा चूकां है। इसके अलावा प्रशासन अपने स्तर पर उठाव करा ही रहा है। करीबन डेढ़ सौ वाहनो के जरिए चार संग्रहण केंद्रों तक धान पहुंचाने का काम कर रहा है। ज्ञात हो जिले में 23.66 लाख क्विंटल खरीदी के बाद महज डेढ़ लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। ऐसे में 22 लाख क्विंटल से अधिक धान केंद्रों में ही डंप है। इसी कारण से समिति प्रबंधक भी परेशान चल रहे थे। उन्होंने भी प्रशासन को धान खरीदी में आ रही दिक्कतों को लेकर ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी थी। हालांकि अब मिलर्स के उठाव करने के लिए तैयार होने के बाद इस स्थिती में काफी हद तक जल्द सुधार होने की संभावना है।



राजनांदगांव जिले में 47057 किसानों से 23.66 लाख क्विंटल खरीदी, डेढ़ लाख क्विंटल उठाव हो गया है। खैरागढ़ जिले में 24078 किसानों से 13 लाख क्विंटल खरीदी एवं 1.02 लाख क्विंटल उठाव, मोहला-मानपुर जिले में 12902 किसानों से 6.30 लाख क्विंटल खरीदी एवं 15 हजार क्विंटल का उठाव कर लिया गया है।

## न्यूनतम तापमान पहुंचा 20 डिग्री से नीचे, अधिकतम 28 डिग्री पर

# आज भी छाए रहेंगे बादल, न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट की संभावना..बारिश के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले तीन दिनों से बदला मौसम का मिजाज अभी अगले दो दिन और ऐसे ही बना रह सकता है। आज भी दिनभर अंचल में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। वहीं ठंड बढ़ने का दौर भी शुरु होने वाला है। अंचल में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक नीचे आने की संभावना बताई जा रही है। इधर आज के लिए भी बेमौसम बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी से नम हवाओं का आना तेज हो सकता है। नमीयुक्त हवाएं आने से ठंड बढ़ेगी, रात के साथ ही दिन में भी गर्म कपड़ो का सहारा लेना पड़ेगा। रविवार को अंचल का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर रहा, वहीं रात का पारा यानि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री पर पहुंच गया है। हालांकि अब भी दिन में ठंडी हवाएं कम चल रही है, जिस वजह से दिन में ठंड का एहसास नहीं हो रहा है।



### प्रचुर मात्रा में आएगी नमी

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किमी ऊंचाई तक ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में तथा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर एक द्रोणिका के रूप में स्थित है। इसके प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश के अनेक जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।


संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**

डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY

- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# गायत्री महायज्ञ 12 से, रोज पूर्णाहूति में शामिल होंगे तीन हजार

## डेढ़ दशक बाद हो रहा बड़ा धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

शहर में करीब डेढ़ दशक बाद बड़ा धार्मिक आयोजन गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 12 दिसंबर से होने वाला है। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में प्रतिदिन करीब ढाई से तीन लोग पूर्णाहूति देंगे। इस आयोजन की व्यापक तैयारियां क्रिकेट मैदान में की जा रही है।

सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने एवं गायत्री परिवार के सप्त आंदोलन नारी जागरण, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल संस्कार के अलावा यज्ञ के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक कायाकल्प तथा आध्यात्मिक विकास हेतु 12 से 15 दिसंबर तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रखा गया है।

### साधक संभालेंगे भोजन व्यवस्था

जानकारी के अनुसार श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा के बाद भोजन प्रसाद का भी इंतजाम किया जा रहा है। भोजन कराने में श्री राम स्मृति उपवन चांदो की साधक टीम सहयोग करेगी। कार्यक्रम स्थल पर भोजन, यज्ञशाला में उपाचार्यों की व्यवस्था, सुरक्षा, आवास, पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। सारी जिम्मेदारी गायत्री परिवार के परिजन संभालेंगे।



### एक पाली में 260 साधक करेंगे यज्ञ

जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 24 कुंड में 24 यजमान सपत्नीक एवं मुख्य यजमान विराजमान रहेंगे। 45 गुणा 30 वर्ग फुट में सचित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। एक पाली में 260 साधक यज्ञ करेंगे। प्रतिदिन 4 पाली में यज्ञ होगा। यज्ञ के बाद करीब ढाई से तीन हजार लोग पूर्णाहूति देंगे। शाम को श्री मद प्रज्ञा पुराण की संगीतमय कथा होगी।

### बन रही विशाल यज्ञशाला

शहर में करीब 18 साल बाद हो रहे विशाल आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही है। 120 गुणा 40 वर्ग फीट में यज्ञशाला बनाया जा रहा है जिसके बाहर परिक्रमा मार्ग, लघु सर्वतो भद्र मंडप की तैयारी चल रही है।

### कब क्या होगा

कार्यक्रम के तहत पहले दिन 12 दिसंबर को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। देव स्थापना भी किया जाएगा। इसी कड़ी में 13 दिसंबर को योग, ध्यान, जाप, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, विचार क्रांति चलचित्र का प्रदर्शन, 14 को सुबह योग, ध्यान, जप, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, दीप महायज्ञ तथा आयोजन के अंतिम दिन 15 दिसंबर को सुबह योग, ध्यान जप, गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, टोली बिदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## खबर संक्षेप



### फुटबाल का फायनल मुकाबला आज

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल मैदान में आयोजित फुटबाल टुर्नामेंट के रोमांचक सेमी फायनल मुकाबले में डोंगरगढ़ की टीम ने बिलासपुर को 3-1 से हराकर फायनल में जगह बनाया है। फायनल मैच कल दुर्ग और डोंगरगढ़ की टीम के बीच होगा। दर्शकों की मौजूदगी में कल होने वाले फायनल मैच की तैयारी पूरी कर लिया गया है। फायनल मुकाबले देखने शहर और ग्रामीण क्षेत्र खेल प्रेमी बड़ी तादात में पहुचेंगे। अतिथि विनोद हथेल, विजय टेम्भुरकर, एचएल साहू, सिद्धार्थ नागदेव, धीरज मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, अशोक द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद मुकाबले की शुरूवात होगी। मैच के बाद पुरस्कृत किया जाएगा।

### विस में खुलेगी गड़बड़ी की पोल

**डोंगरगढ़।** कुछ विभागों कार्य को लेकर विधायक दलेश्वर साहू एवं हर्षिता बघेल ने विधानसभा मे सवाल उठाने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य सिंगार योजना में गडबड़ी का मामला भी विधानसभा में उठ सकता है। इसी प्रकार 2018 से 2023 तक कई विभागो में हुई गडबड़ी एवं नगरपालिका के मुद्दे को कांग्रेसी विधायक उठा सकते हैं। बताया जाता है कि डोंगरगढ़ लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदारों की कार्यप्रणाली और करोड़ो के स्वीकृत निर्माण कार्यो को लेकर दोनो विधायक ने विभाग को घेरने की तैयारी कर लिया है।

### शहीदों की प्रतिमा का अनावरण



**मोहला।** अंबागढ चौकी नगर पंचायत के वार्ड 5 में उपाध्यक्ष रीतेश मेश्राम ने अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रतिमा लगवाया है ताकि लोगों को उनके बलिदान से देशप्रेम की प्रेरणा मिले। गत दिनों विधायक भोलाराम साहू ने मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर संस्कार स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति बैड बाला के साथ दिया। अंत में आभार रीतेश मेश्राम ने व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रफीक खान, पार्षद अशोक वर्मा, श्याम लाटा, पार्षद विजय यादव, श्रीमती बिशन देवांगन, शीतल भुआर्य, मुकेश सिंह, उदेराम साहू, मोहसिन खान, धर्मेंद्र साहू, रज्जाक खान, जयंत नेताम, नंदकुमार कुंजाम, रामस्वरूप यादव, राजू योगी, अरुण यादव, अनिश कुरैशी आदि उपस्थित थे।

### जांच में कोताही की शिकायत

**डोंगरगढ़।** तहसील कार्यालय में इन दिनों बिना लेनदेन के काम नहीं होने और अवैध कब्जा, अवैध खनन की शिकायत पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी आदेश पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चिद्दो के सरपंच द्वारा 2 एकड़ वन भूमि पर कब्जा करने की पुष्टि होने के बाद राजस्व टीम ने फसल जप्त किया था। इस मामले में कार्रवाई नहीं कर फसल वापसी कर दिया गया वहीं वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं किया गया। चिद्दो के सरपंच द्वारा आवास योजना अंतर्गत ग्राम में पत्नी तथा पालिका के वार्ड 23 में आवास योजना का लाभ लेने के मामला सामने आया है। इस मामले में कार्रवाई करने में हीलाहवाला किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि वन भूमि के मामले में जांच के बाद जप्त फसल को सुपुर्दनामे किया गया।

## धान की आवक जारी, पर्याप्त बारदाना मिलेगा किसानों को

# ऋण वसूली में विचारपुर आगे

## धान के परिवहन ने अब तक नहीं पकड़ी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

एक पखवाड़े में उपार्जन केन्द्रों में लक्ष्य का 25 प्रतिशत से अधिक धान खरीदा जा चुका है। अब तक किसानों से पांच करोड़ से अधिक का धान खरीदकर दो करोड़ से अधिक का ऋण वसूल किया जा चुका है। ऋण वसूली के मामले में विचारपुर उपार्जन केन्द्र सबसे आगे है। यहां 2 करोड़ 17 लाख 90 हजार 498 रूपए की वसूली हो चुकी है। इसी प्रकार बुन्देली में 19435012, कुकुरमुड़ा अतरिया में 18509059 तथा संड़ी उपार्जन केन्द्र में 18095628 रूपए का लिकिंग वसूली किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार अंचल के सभी खरीदी केन्द्रों में बंफर धान की आवक जारी है। किसान धान बेचने आनलाईन टोकन प्राप्त कर रहे थें। सर्वर कमजोर या अन्य कारण से कुछ किसानों को टोकन पाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार अब खरीदी केन्द्र प्रतिदिन टारगेट का चालीस प्रतिशत टोकन काटा जायेगा। कृषक धान बेचने के लिए अब केन्द्र से भी टोकन प्राप्त कर सकते हैं।



### सोसायटियों में पहुंचा बारदाना

बीते सप्ताह किसानों को धान बेचने के लिए पचास प्रतिशत बारदाना लाना पड़ रहा था। किसान मंहगे दाम में बारदाना खरीद कर धान बेच रहे थे। सोसायटियों में पर्याप्त बारदाना पहुंचने के बाद किसानों को राहत मिलेगी। मिलरों का हड़ताल स्थगित होने के बाद सभी केन्द्रों में बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सप्ताह से केन्द्र किसानों को धान बेचने के लिए शत प्रतिशत बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा।

### फसल बीमा जारी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल का बीमा होना शुरू गया है। चना, गेहूं एवं अन्य रबी फसल के लिए बीमा दर निर्धारित है। मौसम के फेर बदल को देखते हुए किसानों से तय सीमा में फसल का बीमा करवाने की अपील किया गया है। कृषक सोसायटी, बैंक एवं आनलाईन माध्यम से फसल बीमा कराने में जुटे हैं।

# वरिष्ठ हुए दौड़ से बाहर तो कनिष्ठों के नाम आए सामने

## उम्र तय होने से भाजपा संगठन चुनाव में बड़ा उलटफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सदस्यता अभियान के बाद शहर के 31 बूथ अध्यक्ष का चुनाव भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ है। अब तक शहर अध्यक्ष के चुनाव की कयावद शुरू हो गई। शहर अध्यक्ष के लिए अधिकतम 45 वर्ष एवं भाजयुमो के अध्यक्ष के लिए 33 वर्ष उम्र निर्धारित होने से लगभग दो दर्जन दावेदार दौड़ से बाहर हो गए है।

- सुनाई देने लगी निकाय चुनाव की आहट

जानकारी के अनुसार शहर भाजपा अध्यक्ष की दौड़ में शामिल लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंग मंगे, मुकेश भूत, महेन्द्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अमित जैन, विजेन्द्र सिंह ठाकुर के दौड़ से बाहर होने के बाद वर्तमान में जसमीत सिंह बन्नोआना, सौमित्र सोनी, परविंदर सिंग मोन्टी का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि 6 से 8 लोगों की उपस्थिति में बैठक कर अध्यक्ष के मुहर लगया जा सकता है। निकाय चुनाव के पहले भाजपा को नया अध्यक्ष मिल सकता है।

### बनने लगी सूची

पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा आचार संहिता लगने के बाद होगी। प्रत्याशी चयन को लेकर स्थानीय संगठन ने लोगों की नब्ज टटोलते हुए सूची तैयार करना शुरू कर दिया है। संभावना है कि 15 दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि इस बार मतदाता पार्षद के साथ अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे।

### उठ सकता है जाति प्रमाण पत्र का मसला

निकाय चुनाव में जाति प्रमाण पत्र का मामला उठ सकता है। जानकारी के अनुसार पालिका चुनाव में भाजपा कांग्रेस के कई प्रत्याशी अस्थाई जाति प्रमाण पत्र के सहारे चुनाव लड़ते और जीतते रहे हैं किन्तु उन्होंने पूरे 5 साल के कार्यकाल में स्थाई जाति प्रमाण पत्र जमा नही किया जबकि उन्हे 6 माह में जमा करना चाहिए था। बीते 20 साल में कांग्रेस भाजपा ने ऐसे लोगों को टिकट दिया जिनके पास स्थाई जाति प्रमाण पत्र नहीं था।

## बार-बार टेंडर निरस्त होने से विकास बाधित

**डोंगरगढ़।** स्वच्छता सिंगार योजना के तहत शौचालय के नाम से लाखों का बंदरबाट करने का मामला विकासखंड एवं नगर पालिका में सामने आ चुका है। पालिका में स्वीकृत विकास कार्यों में गड़बड़ी सामने आई है। जानकारी के अनुसार 2018 से 2023 तक बिना निर्माण कराए राशि का आहरण, खाद मशीन खरीदी में गड़बड़ी, सड़क निर्माण, लाईट खरीदी, गोबर खरीदी, गार्डन एवं जिम निर्माण सहित चेकर लगाने में जमकर अनियमितता बरता गया है। बीते 8 माह में 2 टेण्डर प्रक्रिया में खीचतान एवं 1 टेण्डर निरस्त होने से विकास अवरूद्ध हो गया है। हाल ही में सड़क डामरीकरण का टेंडर नियम विरू। भाजपा नेता के रिश्तेदार को देने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार चहेते ठेकेदार को ठेका देने ठेकेदार की अनुपस्थिति में टेंडर खोला गया। सीएमओ की गैर हाजरी में कर्मचारी द्वारा टेंडर खोला गया जबकि इंजीनियर रितेष स्थापक के नियमतः टेण्डर फार्म खोलकर काम ठेकेदार को देना बताया है।

## बाबा साहेब को बच्चों ने किया याद



**चिचोला।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बजरंगपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर को पुण्यतिथि पर याद किया गया। बच्चों को उनके अवदानों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक गजेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज से

**खुज्जी।** मन्होरा में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल 9 एवं 10 दिसम्बर को किया गया है। आयोजकों ने अंचल के खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आव्हान किया है। यह जानकारी धनराज साहू ने दिया।

# छात्रों ने किसानों को दी उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

श्रीराम कृषि महाविद्यालय ठाकुरटोला के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत भरेंगांव में प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी श्वेता शुक्ला एवं सहायक प्राध्यापक किशन सिंह के मार्गदर्शन में किसानों को एजोला से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उर्वरक से मिट्टी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है वह बंजर होते जा रही है। मृदा के स्वास्थ्य की दृष्टि से एजोला एक कारगर उपाय है। एजोला एक प्रकार का जल पादप है, जो पानी की सतह पर तैरता है। इससे मृदा की संरचना में सुधार होता है।

- मिट्टी को स्वस्थ बनाता है एजोला

एजोला मृदा सुक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने में मदद करता है जिससे उर्वरा शक्ति बढ़ती है। श्री सिंह ने बताया कि एजोला में प्रोटीन, विटामिन ए और बी-12, कैल्शियम, फॉस्फोरस और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पशुओं के लिए आवश्यक हैं। एजोला में लिग्निन की मात्रा कम होती है जिसके कारण पशु आसानी से पचा लेते हैं। पशुओं को एजोला खिलाने से दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।




### जीवामृत बनाना सिखाया

इसी क्रम में किसानों को जीवामृत बनाने एवं उपयोग के बारे में बताया गया। छात्रों ने बताया कि जीवामृत के लिए 60 किलो देशी गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो दाल का आटा, 2 किलो गुड़, 2 किलो दही, 2 किलो मिट्टी के मिश्रण को 200 लीटर पानी में मिलाकर 7 दिन तक प्लास्टिक के ड्रम में रखना चाहिए। इस घोल में प्रतिदिन सुबह-शाम 3- 3 बार लकड़ी घुमाना है। इस घोल का उपयोग बुवाई के 15 दिन पूर्व करने से मिट्टी मुलायम होती है। मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढती है।

## हॉस्पिटल में ड्रेसर नहीं

**सोमनी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से ड्रेसर का पद रिक्त है। ड्रेसी नहीं होने से ग्रामीणों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के जीई रोड में बसे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर पदस्थ कराने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत ने पत्र लिखा है। उन्होंने इस मांग से सीएमएचओ को अवगत कराया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




## मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

# नव निर्मित भवनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



विधायक दलेश्वर साहू ने मेंढ़ा में साहू सामुदायिक भवन, महिला भवन, सिंगारपुर में आदिवासी भवन, खुर्सीपार में आदिवासी भवन का बीते दिनों लोकार्पण किया। विधायक ने उपरोक्त भवनों के निर्माण के लिए 6.50 लाख की स्वीकृति दिलाई थी।

कार्यक्रमों में अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, जिला पंचायत सदस्य इंदूमति साहू थी। इस मौके पर विधायक साहू ने कहा कि वह हर व्यक्ति और हर समाज को दृष्टिगत रखकर कार्य करते आ रहे हैं इसीलिए तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में माता देवालय दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य देवालय के दर्शन और उनका जीर्णोद्धार करना है। मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत कराएंगे। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि प्रत्येक गांव में अलग अलग सामाजिक भवन का निर्माण हो रहा है जो समाजिक एक जुटता का प्रमाण है। एकजुटता से सर्व समाज का विकास संभव है। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू, बलिराम साहू, गणेश साहू, दीबिका साहू, मोहनीश साहू, लोकेश्वरी साहू, रेखा निषाद आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### जिपं अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां बम्लेशवरी से जिले एवं क्षेत्रवासियो की सुख, शांति एवं समृद्धि का वरदान देने की कामना की है।

### किसान नेता साहू ने बढ़ाया बच्चों का हौसला



**खुज्जी।** प्राथमिक शाला कापा में गत दिनों संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल के अधीन आने वाली 7 प्राथमिक और दो माध्यमिक शाला के बच्चों ने भाग लिया। स्पर्धा का समापन जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता कैलाश शर्मा ने की। विशेष अतिथि किसुन साहू, दीनू साहू, सुमीत मंडावी, देवारू मालेकर, हिरदे देवांगन, मुकेश साहू थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए उन्हे आगे बढ़ने प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे श्री शर्मा ने शारीरिक और बौद्धिक विकास में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच राधेलाल जोशी, नेतराम कोसमा, मोतीराम साहू, नीयतराम, गंगाराम, टेमनलाल, मनोहर कोसमा, प्रभुदास साहू, ढाल सोनबोईर, किशन साहू, पुनीतराम, भोजराम, गंगाराम, बृजभान सिन्हा, नरेंद्र मेश्राम, गोपाल सिंह कोसमा, राजेश ठाकुर, इरफान कुरैशी, विनय सिंह आदि उपस्थित थे।

### विजेता बच्चे पुरस्कृत



**छुरिया।** प्राथमिक शाला बरछाटोला दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू थे। इस मौके पर श्री साहू ने आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से खेल के अलावा पढ़ाई पर ध्यान देने कहा। इस अवसर पर सरपंच किशोर टेमरे, चंद्रहास घृतलहरे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महंगाई से आमजनता बदहालः वर्मा

**सड़क अतरिया।** कांग्रेस नेता विजय वर्मा ने कहा है कि केंद्र



सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई बेलगाम हो चुकी हैं। डॉलर की कीमत 84 रुपए तक पहुंच गई है। विगत 10 वर्षों में क्रूड ऑयल के दाम लगभग आधा है, फिर भी जनता को राहत नहीं मिल रही है। 2014 की तुलना में आधी कीमत पर क्रूड ऑयल खरीद कर सरकार जनता से डीजल, पेट्रोल का डेढ़ गुना दाम वसूल रही है। रसोई गैस की कीमतें तीन गुना अधिक हो गई है। दूध, दही, पनीर, आटा, मैदा, सूजी, दलहन तिलहन, कपड़े जैसे दैनिक उपभोग की वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाकर महंगा कर दिया गया है। श्री वर्मा ने कहा है कि महंगाई से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। खाद्य तेलों के आयात शुल्क में 22 प्रतिशत की वृद्धि करने से बाजार में खाद्य तेलों के दाम लगभग डेढ़ गुना बढ़ गए है। जिन खाद्य तेलो का उत्पादन स्थानीय स्तर पर होता है उनमें सेंट्रल एक्साइज के दरों में वृद्धि का प्रभाव नहीं होना चाहिये था, लेकिन मुनाफाखोरों ने राइस ब्रान, सरसो तेल के दाम डेढ़ गुना तक बढ़ा दिया है।

---

### जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक

# जिले के पर्यटन स्थलों का सर्वे कर विकसित करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के विकास पर चर्चा की गई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे पर्यटकों को आकर्षित करने पर्यटन स्थलों को डेवलप करने पर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान समिति को विभिन्न पर्यटन स्थलों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए उस पर चर्चा की गई। इसके तहत जिले के विभिन्न स्थलों का चिन्हांकन कर प्रथम चरण में विधिवत कार्ययोजना तैयार कर विकसित करने का निर्णय लिया, जिसमें माँ भवानी मंदिर करेला, प्राचीन शिव मंदिर गण्डई, मंडीप खोल लावातरा, छुईखदान, रानी रश्मिदेवी जलाशय छिन्दारी बांध, इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़, नर्मदा कुंड, सुरही जलाशय पैलीमेटा बांध, बैताल रानी घाटी शामिल है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यहां के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल, संस्कृति व प्राकृतिक संपदा की अपनी एक अलग विशेषता है इसके चलते बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिले के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों के साथ-साथ विभिन्न छिपे हुए पौराणिक व अद्भुत स्थलों का भी संरक्षण करें ताकि यहां के स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों को पर्यटन के क्षेत्र में जिले की अन्य विशेषताओं के बारे में भी पता चल सके। कलेक्टर ने जिले की पर्यटन सूची में शामिल सभी स्थलों को विकसित करने का निर्देश दिया।




### पर्यटन स्थल के नाम से साइनबोर्ड लगाने पर चर्चा

बैठक मे माँ भवानी मंदिर स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों का सुधार कार्य कराने, पहुंच मार्गों में पर्यटन स्थल के नाम से साईन बोर्ड लगाने और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए उपायों पर चर्चा की। इसी तरह प्राचीन शिव मंदिर गंडई के आस पास पहुंच मार्ग को सुगम बनाने, प्रकाश की व्यवस्था, प्रचार प्रसार और श्रवण मास सहित महाशिवरात्रि के समय आवश्यक व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंडिप खोल, लावातरा, छुईखदान को भी आमजन के सहयोग से पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने पर चर्चा हुई। रानी रश्मि देवी जलाशय छिंदारी बांध में सुगम आवागमन, गार्डन, निरीक्षण कुटीर और नथेला माता मंदिर सहित नथेला जलप्रपात को विकसित करने का निर्णय लिया गया। इंदिरा कला संगीत विवि के म्यूजियम को शनिवार और रविवार को भी खोलने और पहुंच मार्गो का सौंदर्यीकरण कर प्रकाश के लिए उचित व्यवस्था करने की बात कही गई। साथ ही नर्मदा कुंड, सुरही जलाशय पैलीमेटा बांध और बैताल रानी घाटी के विकास को लेकर गहन चर्चा की गई।

### छात्रों को कराया जाएगा भ्रमण

बैठक मे समिति सदस्यों द्वारा चर्चा बाद निर्णय लिया गया कि जिले के समस्त पर्यटन स्थलों की बिंदुवार जानकारी सहित फोटो एकत्र कर पुस्तिका का प्रकाशन किया जाए जिसका लिंक और क्यूआर कोड जिले के वेबसाईट में अपलोड किया जाए। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को पर्यटन स्थलों की जानकारी प्रदान किया जाए। स्कूल, कॉलेज में जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी प्रदान करने की व्यवस्था किया जाए और स्टुडेंट्स को इन पर्यटन स्थलों में भ्रमण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय युवकों को पर्यटन से जोडने के लिए प्रशिक्षित करने की बात कही गई। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, पर्यटन अधिकारी आरती सहारे, जनप्रतिधिगण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी उपस्थित थे।

---

# कराते स्पर्धा में जीते 7 स्वर्ण व 7 रजत पदक



**राजनांदगांव।** दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में महिला महाविद्यालय हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन द्वारा अयोजित 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर कराते प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला कराते संघ के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के कुल 17 खिलाड़ी शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते 07 स्वर्ण, 07 रजत एवं 06 कांस्य कुल 20 पदक जीतने में सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया।

स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 14 एवं 15 दिसंबर को ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित सब-जूनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप में शामिल होकर छग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस टूर्नामेंट में कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवं छग कराते डू-असोसिएशन के अध्यक्ष विजय तिवारी, महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव जिले के प्रशिक्षकगण ईशब सिंह राजपूत, तरुण साहू, लोकिता साहू, करण साहू, ओम नेहा सिन्हा उपस्थित रहे।

पदक विजेता खिलाड़ियों में सब जूनियर बालक वर्ग शिवांश सोनी (स्वर्ण पदक कुमिते 20 किग्रा), मानविक सेठिया (कांस्य पदक कुमिते 20 किग्रा), श्रेष्ठ मिश्रा (कांस्य पदक कुमिते 25 प्लस किग्रा), कबीर साहू (स्वर्ण पदक काता, रजत पदक कुमिते 35 प्लस किग्रा), नोवेश निनावे (स्वर्ण पदक कुमिते 25 किग्रा, कांस्य पदक काता), विराट निषाद (रजत पदक कुमिते 35 किग्रा), कुश सिन्हा (कांस्य पदक कुमिते 40 किग्रा), छविकांत मेश्राम (रजत पदक कुमिते 40 किग्रा) शामिल है। इसी तरह सब जूनियर बालिका वर्ग में नितिशा निप्पणे (स्वर्ण पदक काता, रजत पदक कुमिते 25 किग्रा), अवनी खंडेलवाल (स्वर्ण पदक कुमिते 35 प्लस किग्रा, रजत पदक काता), पारुल साहू (रजत पदक काता, रजत पदक कुमिते 35 किग्रा), ख्याति साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 40 किग्रा), झलक साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 35 किग्रा, कांस्य पदक काता) शामिल हैं।

---

# राजीव दीक्षित का अवतरण एवं महाप्रयाण दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हम सबको अपनी दैनंदिनी में अपना स्वराष्ट्र के गौरवशाली कार्य-व्यवहार को अपने आचरण में लाने को अपनी प्राथमिकी बनानी होगी। इससे जहां एक ओर हम अपने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल कर पाएंगे। वहीं दूसरी ओर हम अपने राष्ट्र को भी स्वावलंबी बनाने की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे।

राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा तुलसीपुर मार्ग स्थित लेबर कालोनी के सामुदायिक भवन में स्वदेशी के प्रखर व मुखर वक्ता राजीव दीक्षित के अवतरण दिवस व महाप्रयाण दिवस 30 नवंबर स्वदेशी दिवस पर प्रमुख वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि की आसंदी से सभागृह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते राष्ट्र की ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व डॉ. सूसन राज ने पाप और पुण्य शब्द की व्याख्या करते कहा कि हमारे पूर्वज ऋषि, वैज्ञानिक, गुरु, शिक्षक एवं मुनिगण स्वास्थ्य से समृद्धि प्राप्त कर आनंदित होकर जीवन जीने का मंत्र पहले ही लिखकर, याद रखने के लिए संक्षिप्तीकरण कर इन्हें रीति-रिवाज एवं त्यौहारों द्वारा विस्तृत कर कृति में लाने की पूरी व्यवस्था कर दिए थे।

विशिष्ट वक्ता पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा ने अपने उद्बोधन में बेहद ही सरल, सहज व सुबोध व्याख्यान में बताया कि हमारे महान राष्ट्र भारतवर्ष में स्वदेशी बगैर सिला हुआ सादा सा अधोवस्त्र धोती को कम से कम अट्ठारह प्रकार से पहना जाता है। इसी प्रकार से हमारी भारतीय माता-बहिनों द्वारा पहनी जाने वाली साड़ी को भी समूचे राष्ट्रभर में पन्द्रह से भी अधिक प्रकार से पहनी जाती है और यह हमारे समृद्ध भारतीय पहनावा को गौरवान्वित करता है। जबकि एक सिले हुए वस्त्र को हम केवल एक ही तरह से पहनते हैं।

राष्ट्र की अपनी स्वदेशी जीवन व्यवस्था में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हिन्दू युवा सेना के जिला अध्यक्ष व योग-गुरू किशोर माहेश्वरी व योग प्रशिक्षक धीरज द्विवेदी ने कहा कि समाजहित में जितनी भी बातें कही जा सकती थी, वह सब पूर्व में कही जा चुकी है तथापि अब यह वह समय है। जबकि हम सभी को वह बातें अपने-अपने आचरण में ढालनी होगी, क्रियान्वयन में लाना अपेक्षित होगा। योग क्रिया हमारे शरीर का शोधन कर हमें स्वस्थ्य रखती है।



### जीवन पर डाला प्रकाश

अध्यक्षीय उद्बोधन में मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थितजनों को संबोधित करते अतिथिगणों का परिचय कराया तथा राजीव दीक्षित का जीवन परिचय, उनके कार्यों, राष्ट्र जागरण की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया गया। राजीव दीक्षित मंच के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव व राकेश सोनी द्वारा अतिथियों आगंतुकजनों तथा सामुदायिक भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाने हेतु समिति के वरिष्ठ व्यवस्थापक सदस्यों, समाजसेवी प्रकाश हरिहारनों, अधिवक्ता संतोष सिंह सहित उपस्थित सम्माननीयजनों का कृतज्ञतापूर्वक आभार प्रदर्शन किया गया।

---

# मानव श्रृंखला व रंगोली बनाकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर व रंगोली डालकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि देशभर में एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है, इसलिए एड्स मुक्त समाज की दिशा में महाविद्यालय के युवाओ ने अभियान चलाया। विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर व रंगोली डालकर एवं पोस्ट द्वारा इसकी भयानक और पीड़ादायक परिणाम को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। एचआईवी के फैलने की प्रवृत्ति, भारत में एड्स के मामले और एड्स से संबंधित जागरूकता आयोजन जन-जन तक किया जाना आवश्यक है।

कॉलेज के डॉयरेक्ट डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि आज युवाओं में जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक सपोर्ट भी विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि देश अपने लक्ष्य को जल्द पूर्ण कर सके। जागरूकता अभियान में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



### महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चलाया अभियान

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि यह एचआईवी ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियंसी वायरस/एड्स एक्वायर्ड इम्यून डेफिशियंसी सिंड्रोम के बारे में जागरूकता बढ़ाने लोगों को एकजुट करने तथा महामारी के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करने के उद्देश्यों से लोगों के बीच विभिन्न जागरूकता अभियान महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस वर्ष की थीम सही रास्ता अपनाएं, मेरी सेहत, मेरा अधिकार है, जो स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और लोगों को अपने स्वास्थ्य प्रबंधन में सशक्त बनने के महत्व पर बल देते हैं, को दृष्टिगत रखते अभियान चलाया गया। दुनिया में 2030 तक एड्स को समाप्त करने के लक्ष्य पूर्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान बने विभिन्न प्रकार के प्रयास और जनजागरूकता अभियान लगातार कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

---

## पेंडरी में 11 को भजन सत्संग

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम पेंडरी में 11 दिसंबर को सदगुरु कबीर साहेब अंतर्ध्यान दिवस एवं श्रीमद् गीता जयंती महोत्सव पर्व पर भजन-सत्संग व आरती पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध मानस भजन मंडली ग्राम सारंगपुर खैरागढ़ से शिवराम सिन्हा एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। प्रमुख वक्ताद्वय दानीराम हिरवानी, देवेन्द्र हिरवानी कन्हारपुरी राजनांदगांव और कबीर आश्रम के महंत श्री सेवादास साहेब, मानस मर्मज्ञ भागवत साहेब, श्रीमद् गीता महात्म्य सामूहिक पाठ वक्ता जागेश्वर सिन्हा के सान्निध्य में होगा। स्कूल छात्र-छात्राओं एवं माता-बहनों द्वारा सामूहिक गीता महात्म्य पाठ किया जाएगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

---

# महापरिनिर्वाण दिवस पर 58 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा 6 दिसंबर को डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सुबह 9 बजे कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं महापौर हेमा देशमुख के हाथों से दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर आदरांजलि अर्पित की गई।

साथ ही बौद्ध कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय भीम के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी संदीप कोल्हाटकर के नेतृत्व में 88 रक्तवीर रक्तदान करने पहुंचे थे। 88 में से 58 रक्तवीर रक्तदान करने के योग्य पाए गए और 30 रक्तवीर अयोग्य पाए गए। रक्तवीरों को सामाजिक कार्यकर्ता सुनील गौतम की ओर से सम्मान स्वरूप घर-घर बुद्ध और घर-घर आम्बेडकर नामक किताब भेंट की गई। समिति के सदस्यों द्वारा रक्तवीरों के लिए भोजन, कॉफी, फल, बिस्किट, पानी एवं अन्य वस्तुओं के साथ सहयोग राशि के माध्यम से महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। रक्तदान का कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चला।

रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल राजनांदगांव की स्वास्थ्य टीम द्वारा इस वर्ष भी पूर्ण रूप से योगदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कांति फुले, प्रवीण नोन्हारे, डॉ. केएल टांडेकर, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, धीरज रामटेके, डॉ. पीएल वासनिक, डीपी नोन्हारे, अमर वासनिक, मानिकचंद घोडेसवार, एमआर गोस्वामी, प्रशांत सुखदेवे, संजय हुमने, कुणाल बोरकर, मधुसूदन यादव, धनेश पाटिला, कुलबीर छाबड़ा, विनोद श्रीरंगे, प्रह्लाद फुले, सुनील सुष्माकर, सिद्धार्थ चौरे, राजकुमार ऊके, महेंद्र बंसोड़, अखिलेश खोब्रागढ़े, शिवम गड़पाइले, संतोष बौद्ध, राजकुमार बारमाटे, शिवशंकर गौर, राजकुमार वाल्दे, चंद्रिका पूरे, बुद्धिमित्रा वासनिक, नंदा मेश्राम, सुनीता ईलमकार, हर्षिका गजभिये, वंदना मेश्राम, पायल मेश्राम, नीति दामले, माया खोब्रागढ़े, रवि ईलमकार, माया वैध, सविता जामुलकर, रोशन रामटेके, दयानंद रामटेके, सिद्धार्थ डोंगरे, योगराज जगने, देवेंद्र चौहान, बंटी रामटेके, रविता लकड़ा, मायादेवी निकोसे, बसंत कोल्हाटकर, शैलेष ठावरे, सुरेंद्र गजभिये, गणेश रामटेके, पूनम कोल्हाटकर, प्रियंका श्यामकुवर, अभिषेक वैद्य, गिरधारी सावरकर, जितेन्द्र नागदेवे, सोनिका वासनिक, पूजा वासनिक, रत्ना खोब्रागढ़े, अर्चना नंदेश्वर, पूजा भीमटे, यथार्थ सम्राट सहित बड़ी संख्या में समाज के सम्मानितजन उपस्थित थे।

---

## रक्तदान व देहदान का संकल्प लेने वालों का किया सम्मान

# कॉलेज के सात दिनी रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के कुलीकसा में आयोजित रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन सरपंच प्रतिनिधि छबिलाल वर्मा के मुख्य आतिथ्य, सेवानिवृत्त ग्रंथपाल जेके वैष्णव की अध्यक्षता मे हुआ।

मां सरस्वती, मां भारती, स्वामी विवेकानन्द के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन व रासेयो गीत से समापन साथ पुरुस्कार वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि छबिलाल वर्मा ने शिविर में छात्र छात्राओं के कार्यों की सराहना की। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जेके वैष्णव ने शिविर के थीम अनुसार युवाओं को डिजिटल युग में कम्प्यूटर नेटवर्किंग, मोबाइल जैसे संचार क्रांति के माध्यम से अद्यतन रहने और जागरूक होने कहा। स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर चलकर देशभक्ति जनसेवा के मार्ग पर चलने कहा। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो यशपाल जंघेल ने शिविर अवधि में छात्र छात्राओं के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सरस्वती वर्मा ने स्कूल के छात्र छात्राओं का शिविरार्थियों के साथ मिलकर कार्यों की सराहना की। पुरुस्कार वितरण समारोह में रक्तदान महादान में 15 बार रक्तदान और देहदान फार्म भरने छात्र टिकेंद्र वर्मा एमए, 13 बार रक्तदान व देहदान का संकल्प लेने वाले ताम्रध्वज वर्मा को सम्मानित किया गया। रक्तदाता लीना वर्मा, देवेन्द्र पटेल सहित सीमा वर्मा, पूजा वर्मा, गौरी यदु, प्राची यादव, वर्षा वर्मा, दलनायक नीतेश साहू, प्रदीप साहू, एमन साहू, प्रमोद सिन्हा सहित अन्य सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेन्द्र मेश्राम, एआर जोशी, सरस्वती वर्मा, चन्द्रहास ठाकुर, ईश्वर वर्मा, तुलेश्वर वर्मा, बिसनाथ वर्मा, शोभाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन टिकेंद्र वर्मा व आभार प्रदर्शन प्रो यशपाल जंघेल ने किया।



### अपर कलेक्टर ने बताया जीवन में सफलता का सूत्र

रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र मे मुख्य वक्ता अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि वो विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक रह चुके है और समाज सेवा का कार्य करते आए है। अपने जीवन के संघर्ष के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं भी एक सामान्य परिवार से आता हूं। स्वयंसेवकों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन करते हुए समसामयिक ज्ञान और भाषा की समझ की महत्ता पर प्रकाश डाला और जीवन में सफलता का सूत्र बताया। व्याख्यान बाद उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत दौरान व्यक्तित्व विकास और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में पूछे प्रश्नों का जवाब देते हुए अपर कलेक्टर ने स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। परिचर्चा में राजनांदगांव जिले की रासेयो संगठक मोनिका दास भी सम्मिलित हुई। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। परिचर्चा में उपस्थित ग्राम पंचायत कुलीकसा की सरपंच पुनिया बाई वर्मा ने शिविर लगाने के लिए आभार जताया।

## सार समाचार

### नपं एलबी नगर में एक करोड़ के कार्य स्वीकृत



**राजनांदगांव।** लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नवीन नगर पंचायत लालबाहादुर नगर में एक करोड़ पचास हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि 1.50-1.50 करोड़ की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निम्नानुसार 20 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रुपए एक करोड़ पचास हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। लालबाहादुर नगर में विकास कार्यों के लिए राशि प्रदान करने के लिए सांसद संतोष पांडे का लालबाहादुर नगर मंडल भाजपा द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

भाजपा सरकार बनने के पश्चात नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए लगातार राशि प्रदान की जा रही है। आभार व्यक्त करने वालों में भरत वर्मा, बोधीराम साहू, मूलचंद लोधी, गिरवर साहू, जयपाल सिन्हा, चन्द्रकुमार देवांगन, रामाधीन देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, टामेश्वर साहू, देवेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण वर्मा, रोशनलाल साहू, वर्षा गेडाम, किरण साहू, हनस पटेल, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, प्रशांत कोड़ापे, विनम साहू, राकेश महिलांग, बेदराम ताम्रकार, महेन्द्र वैष्णव, देवेन्द्र यादव शामिल हैं।

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर 2 दिसंबर को डॉ. निर्मला उमरे प्राचार्य के मार्गदर्शन में एड्स के



प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब व रेडक्रास इकाई द्वारा निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता व व्याख्यान, रैली मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि एड्स एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जो एचआईव्ही द्वारा होता है। रेड रिबन प्रभारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने बताया कि एड्स का वायरस हमारे रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। विषय विशेषज्ञ जिला हॉस्पिटल जगदीश सोनी ने कहा कि जागरूकता की कमी व लापरवाही से यह बीमारी फैल रही है। यह बीमारी असुरक्षित यौन संबंध संक्रमित सुई का प्रयोग, संक्रमित खून चढ़ाने व पॉजिटीव मां से उसके बच्चे को होता है। विषय विशेषज्ञ हिमांचल वर्मा ने विद्यार्थियों को एसटीआई के बारे में विस्तार से बताया। विशेषज्ञ धर्मेन्द्र वर्मा ने आईसीटीसी के बारे में जानकारी दी। गुणवंता दास खरे, शिवेन्द्र नागपुरे, डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने भी अपने विचार रखे। एचआईवी संक्रमण से बचाव विषय पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### युगांतर में सोलो डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों के



लिए सोलो डांस कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन हुआ। कॉम्पिटिशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति देकर खूब तालियां बंटोरी। बच्चों द्वारा स्वयं के प्राप्स को अरेंज करना और कॉन्फिडेंस के साथ डांस करना काफी सराहनीय रहा। प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिससे वे अपनी प्रतिभाओं को तराश सके। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कॉम्पिटिशन का संचालन अंग्रेजी शिक्षक सेमुअल जॉर्ज और एलिजाबेथ जॉर्ज ने किया। यह कॉम्पिटिशन प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, एक्टिविटीज इंचार्ज मधु ठाकुर और तनुश्री मुखर्जी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से संचालित हुआ।

### सेफा में नांदगांव की 28 रन से बड़ी जीत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला



क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने सेमीफाइनल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन नारायणपुर को एकतरफा मुकाबले में एक पारी एवं 28 रन से परास्त कर एलीट ग्रुप में अपना स्थान पक्का किया है। सेमीफाइनल मुकाबले में राजनांदगांव की ओर से राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाज अर्शवीर भाटिया ने मात्र 33 रन देकर जहां 10 विकेट लिए। वहीं तेज गेंदबाज कुणाल साहू ने मात्र 16 रन देकर 7 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नारायणपुर की टीम छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के इतिहास में पहली बार मात्र 13 ओवर में 28 रन पर ही ऑलआउट हो गई। राजनांदगांव के तेज गेंदबाज कुणाल साहू ने शानदार गेंदबाजी करते मात्र 16 रन में ही सात विकेट ले लिए। वहीं अर्शवीर भाटिया ने मात्र चार रन देकर तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी करने उतरी राजनांदगांव की टीम ने अपने समस्त विकेट खोकर 135 रन बनाए। राजनांदगांव की तरफ से युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। वहीं अर्शवीर भाटिया एवं उज्वल मरकाम ने क्रमशः 22 एवं 16 रन बनाए। दूसरी पारी में खेलने उतरी नारायणपुर की टीम फिर से एक बार राजनांदगांव के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाई एवं पूरी टीम 79 रन बनाकर ही आउट हो गई। इस बार राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाज अर्शवीर भाटिया ने मात्र 29 रन देकर 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए। वहीं लकी प्रजापति ने एक रन देकर दो विकेट ले लिए।

### जीवनदान सेवा संस्था का विस्तार दुर्ग-भिलाई में भी

**राजनांदगांव।** जीवनदान सेवा संस्था का विस्तार दुर्ग-भिलाई जिला में भी



हुआ। जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्रलाल जंघेल एवं संस्था के प्रदेश महासचिव हरिश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण दास वैष्णव, अभय जंघेल एवं प्रदेश के उच्चाधिकारी की सहमति से बड़े गर्व और हर्ष के साथ 8 दिसंबर को टीम विस्तार की श्रृंखला में दुर्ग- भिलाई जिला की नई टीम के पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों का गठन किया। दुर्ग-भिलाई के जिला पदाधिकारियों में दुर्ग-भिलाई जिला संरक्षक ज्योति चंद्राकर, ममता गोस्वामी, विकास सिंह, राधेलाल यादव, जिलाध्यक्ष मनीष सोनी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नाहक, जिला महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, सचिव आशीष साहू व नरेन्द्र कुमार, सह-सचिव राजेश देवांगन व तृषा नायक, कोषाध्यक्ष खिलेन ठाकुर व दीपक दास शामिल हैं।

**पृष्ठ 9 का शेष**

### मोबाइल दुकान में चोरी...

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना एवं सायबर की संयुक्त टीम अज्ञात चोरों की पतासाजी में लगाई गई। लगातार प्रयास से 8 दिसंबर को संदेही ईश्वर यादव 22 साल साकिन भाठापारा छुईखदान एवं आरोपी गोल्डी उर्फ मोहन मंडावी 24 साल साकिन कंडरापारा वार्ड नं. 3 छुईखदान की संलिप्तता प्रकरण में होने की सूचना पर टीम द्वारा दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

## दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से वनवासी बच्चों ने खेल प्रतिभा का दिखाया जौहर

# वनांचल के बच्चों का सीएम ने बढ़ाया हौसला, कहा सरकार उनके साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एकल विद्यालय द्वारा शहर के गायत्री स्कूल परिसर में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय प्रदेश संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और जीत के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

एक गांव, एक आचार्य, एक विद्यालय के माध्यम से आरोग्य, जागरण, संस्कार की शिक्षा देने वाली एकल विद्यालय द्वारा राजनांदगांव में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से वनवासी बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया। बच्चों की खेल प्रतिभाओं को देखकर आयोजन में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वह पूरी लगन से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े, सरकार हर जरूरत के समय उनके साथ है।



### मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

समापन समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ का चौमुखी विकास करने के लिए डॉ. रमन सिंह का आभार जताया। वहीं कार्यक्रम में विलंब से आने के लिए क्षमा मांगा और आयोजन के लिए एकल परिवार को बधाई दी। वहीं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के वाक्यों को एकल विद्यालय सफल कर रहा है। एकल विद्यालय से आदिवासी बच्चों की शिक्षा में काफी लाभ हो रहा है। यहां से संस्कारी विद्यार्थी निकल रहे हैं। इस अवसर पर गायत्री स्कूल को खेल मैदान सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### परिश्रम से मिलती है सफलता

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई एंव शुभकामनाएं देते कहा कि असफल होने का मतलब सफलता की सीढ़ी में एक कदम पीछे होना है। उन्होंने कहा कि एकल विद्यालय की गांव में बड़ी जिम्मेदारी है। धर्मान्तरण के षड्यंत्र के प्रति लोगों को यहां जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है।

### ओलंपिक में मेडल लाने वाले को मिलेंगे करोड़ों

एकल विद्यालय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का कोई खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाएगा तो उसे 3 करोड़, रजत पदक लाने पर 2 करोड़ और कांस्य पदक लाने पर 1 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी।

### परिवहन का गतिरोध खत्म

राजनांदगांव दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी के परिवहन की धीमी गति और खरीदी केन्द्रों में धान जाम की स्थिति को लेकर कहा कि उठाव में जो गतिरोध था, वह दूर हो गया है। कल से व्यापक स्तर पर धान का परिवहन होगा। खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने बालक-बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले जिलों के खिलाड़ियों को प्रस्तुत किया।

### विकास का मूल मंत्र शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 दिसंबर को सरकार के एक साल पूरे हो जाएंगे। हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। हर क्षेत्र में विकास के कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की योजनाओं की जानकारी दी और पूर्व की कांग्रेस सरकार पर पांच साल घोटाला करने का आरोप लगाया।

### 56 भोग प्रसादी आज



**राजनांदगांव।** श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में विगत 6 दिसंबर को श्रीराम-जानकी विवाह संपन्न हुआ। कल 9 दिसंबर को श्रीराम-जानकी विवाह के चतुर्थ दिवस पर श्रीराम जी दूल्हा सरकार को 56 भोग प्रसादी लगाया जाएगा। श्री मिथिला महिला मंडल के सदस्या विवाह दिन से प्रतिदिन सुबह-शाम दूल्हा सरकार श्रीराम जी की सेवा-अर्चना कर रहे हैं। कल 56 भोग प्रसादी के बाद पांच दिवसीय विवाह समारोह संपन्न हो जाएगा।

कहते हैं त्रेता युग में जब श्रीराम-जानकी का विवाह हुआ था तो 1 महीने तक सूर्य नारायण देव अस्त ही नहीं हुए थे और एक महीने का एक दिन हुआ था, लेकिन वर्तमान में यह संभव नहीं है, इसलिए पांच दिवस समारोह 9 तारीख को संपन्न हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम में महिला-पुरुष की सहभागिता रही। खासतौर पर महिलाओ ने विवाह उत्सव को विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया। इसमें सुनैना झा, रूबी झा, बबीता झा, कुमुद चौधरी, पूजा चौधरी, कल्पना झा, सुनीता झा, चांदनी झा, अनीता झा, लक्ष्मी मिश्रा, आभा ठाकुर, भावना झा, ममता झा, विमला झा का विशेष योगदान रहा। इस वर्ष सीताजी का कन्यादान श्रीमती हीरादेवी झा द्वारा किया गया। श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव का यह पंद्रहवां वर्ष था। संपूर्ण कार्यक्रम पूज्य गुरूदेव मौनी बाबा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।

## ट्रकों की लंबी कतार से हो रहा यातायात बाधित



**राजनांदगांव।** जीई रोड स्थित अनंत पैलेस के पास आज ट्रकों की लंबी कतार लगने से यातायात बाधित हो गया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक तनवीर सिंह भाटिया ने कहा कि इस क्षेत्र में यह स्थिति अक्सर देखने को मिलती है। जिससे यातायात प्रभावित रहता है। दोपहर से जारी इस समस्या के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सड़क के किनारे भारी वाहन खड़े होने से अन्य वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या पुरानी है, लेकिन हालात अब गंभीर हो गए हैं। श्री भाटिया ने प्रशासन और यातायात पुलिस से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

## शहर के शौचालयों का सुचारू संचालन करने निर्देश

**राजनांदगांव।** भारत सरकार आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के तहत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किए जाने आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सुचारू संचालन के लिए उन्होंने शौचालय के संचालकों की बैठक लेकर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिए हैं। साथ ही महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शौचालयो का निरीक्षण कर नागरिको से फिडबैक लेने भी कहा गया है।



आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वच्छ शौचालय अभियान के संबंध में बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस 2024 (19 नवंबर) से लेकर गुड गवर्नेन्स-डे 2024 (25 दिसम्बर) तक मिशन एक 5-सप्ताह लंबा स्वच्छ शौचलय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य देशभर के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रखरखाव, सौंदर्यीकरण करना है। इसके अलावा शासन द्वारा पारदर्शी मूल्यांकन, सुधरात्मक कार्रवाई, संचालन एवं संधारण, शौचालयों की जिम्मेदारी, नागरिकों की प्रतिक्रिया, फुटफॉल मैपिंग अर्थात शौचालयों के उपयोगकर्ता की वास्तविक गणना करना संबंधी कार्य के लिए घटक निर्धारित किया गया है। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि निर्धारित घटक के अनुसार कार्य करना है एवं अभियान की अवधि के अंत तक सभी सीटी एवं पीटी और शौचालयों (चाहे वे स्वच्छ भारत मिशन के तह हो या नहीं) को पहले से अधिक बेहतर स्थिति में लाना है। जिसके क्रियान्वयन के लिए शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिए थे।

## संविधान की रक्षा के लिए निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को शहर में संविधान रक्षा अभियान के तहत संविधान सम्मान यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में अभियान की प्रभारी बालोद विधायक भी शामिल हुई।

बालोद विधायक संगीता सिन्हा, शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संविधान रक्षा यात्रा निकाली गई।

यह यात्रा जयस्तंभ चौक से विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर भरकापारा अशोक स्तंभ पर पहुंची, जहां संविधान पट्टी पर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं बौद्ध विहार में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा व गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाई।



### समानता का अधिकार

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज राष्ट्रविरोधी ताकतें जिस प्रकार से षडयंत्र रचकर संविधान को बदलने की कोशिश कर रही, वह गलत है। आज हम संकल्पित हैं संविधान बचाने के लिए। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है। सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है। संविधान हमारे राष्ट्र को जोड़ने वाला सूत्र है।

### प्रस्तावना का संकल्प

बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कांग्रेसजनों को संविधान प्रस्तावना का संकल्प दिलाते कहा कि संविधान रक्षक अभियान यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ हुआ। हमारा संविधान बहुत बड़ा संविधान है। यात्रा के दौरान महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, मन्ना यादव, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री झम्मन देवांगन आसिफ, सूर्यकांत जैन, माया शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

## जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले के ग्राम खैरबना में जोन स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि मोतीलाल जंघेल एवं अध्यक्षता विजय वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक जंघेल, मधुसूदन देशलहरे, ललित जंघेल, धनसाय साहू, संतराम कुर्रे, रमेश सरगद्वारी, धनेश साहू, डीलेश्वर दास अचिंत, चूड़ामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल, पुष्ण सेन, किरण जंघेल, मनहरण जंघेल, धनऊराम साहू शामिल थे।

कार्यक्रम में पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहनराम साहू, कन्हैयाराम जंघेल, सीमा शर्मा, यशोदा ठाकुर उपस्थित थे। जोन क्रमांक 4 के समस्त शैक्षिक संकुल समन्वयक एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। तत्पश्चात प्राथमिक विभाग बालक एवं बालिका



माध्यमिक विभाग बालक एवं बालिका के व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल संपन्न किया गया। ग्रामवासियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोमल जंघेल, अध्यक्षता नेतराम जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रकाश जंघेल, ललित जंघेल, दुख्यत शर्मा, गैंदलाल जंघेल शामिल थे। अतिथियों द्वारा विजयी प्रतिभागी बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूरन दास बंजारे, दयाल बंजारे, केशव साहू, गंगूराम टंडन, दयाराम धुर्वे, दुर्गासिंह कोर्राम, राजेश चंदेल, संजय राजपूत, नंदकिशोर वैष्णव, दामोदर वर्मा, विद्याधर राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, दशरथ भारती उपस्थित थे। उक्त जानकारी शत्रुहनराम साहू एवं पुखराज सिंह खुसरो द्वारा दिया गया।

**हरिभूमि के पाठकों से निवेदन है कि हरनसिंगी, नागतराई, अछोली, करवारी के अलावा डोंगरगढ़ शहर के 24 वार्डों के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को बिना रसीद के पेपर का भुगतान न करें और कोई फर्जी तरीके से बिना रसीद के आपसे भुगतान मांगता है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें।**

**प्रकाश कुमार अग्रवाल**
हरिभूमि कार्यालय, जयस्तम चौक डोंगरगढ़, मो. 9300963883

## संजीवनी फाउंडेशन का कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

- कैंसर से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यक्त किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने भारतीय चिकित्सा संघ राजनांदगांव के सहयोग से एक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आज राजनांदगांव स्थित एक प्रमुख स्थान पर आयोजित किया गया। जिसमें कैंसर से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस आयोजन के प्रमुख अतिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजनांदगांव के सम्माननीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र दिवाकर ने कार्यक्रम की शुरूआत की और कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने इस तरह के जागरूकता अभियानों की महत्ता पर जोर दिया। जिससे लोगों को समय रहते कैंसर के लक्षणों को पहचानने और उचित उपचार के लिए प्रेरित किया जा सके।

कैंसर विशेषज्ञ और संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. यूसुफ मेमन ने कैंसर के इलाज के दौरान अनुभव साझा करते बताया कि इस बीमारी का जल्द पहचानना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कैंसर के लक्षणों को पहचानने और स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

ब्लड डिजीज और ब्लड कैंसर के विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल ने रक्त कैंसर और अन्य रक्त रोगों के बारे में जानकारी दी। साथ ही इसके इलाज में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग कैसे किया जाता है, इस पर भी विस्तार से बताया।

सीनियर सर्जिकल ओंकोलॉजिस्ट, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. अर्पण चतुर्मोहता ने सर्जरी के माध्यम से कैंसर के इलाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार में सर्जरी का अहम स्थान है और समय पर सर्जरी से मरीज की जीवन गुणवत्ता बेहतर हो सकती है।

मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने कैंसर के विभिन्न प्रकार, उनके लक्षण और इलाज की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। परिजनों को 9 से 16 साल की बच्चियों को आवश्यक रूप से यह वैक्सीन लगवाना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इन विशेषज्ञों से विभिन्न सवाल पूछे और उनके उत्तरों से कैंसर से संबंधित जरूरी जानकारियां प्राप्त की। इस आयोजन से लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने इसे अपनी स्वास्थ्य देखभाल का अहम हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजन से यह संदेश दिया गया कि कैंसर एक इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते उसका समय पर पता लगाया जाए और उचित उपचार शुरू किया जाए।



### खेती-किसानी कार्य जोरों पर गांव, चौक-चौराहों में पसरा सन्नाटा

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र के किसान गन्ना फसल की कटाई में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गरीब, मजदूर परिवार गन्ना फसल की कटाई छटाई का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहर सहित अंचलों में धान की फसल के साथ ही साथ बड़ी मात्रा में गन्ना फसल की खेती किसानी की जाती है, वहीं इन दिनों ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई में जुटे हुए है।

ग्रामीण किसानों ने बताया कि गन्ना फसल की अच्छी पैदावार होने से भारी मुनाफे की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही साथ कवर्धा व पंडरिया क्षेत्र में दो शक्कर कारखाना संचालित होने से क्षेत्र में इस बार गन्ना फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कई छोटे बड़े गुड़ फैक्ट्रियां संचालित होने से गन्ना फसल की अच्छी खासी दाम व फायदा ग्रामीण किसानों को मिल रही है।



#### गन्ना फसल कटाई में जुटे गरीब मजदूर

मिली जानकारी के अनुसार गन्ना फसल की कटाई में गरीब, मजदूर परिवार द्वारा जोरों से किया जा रहा है। जिससे गरीब व मजदूर परिवार को गांव में ही रोजी रोटी मिल रही है। जो सुबह से देर शाम तक गन्ना फसल की कटाई छटाई में जुटे हुए है वहीं महिलाओं को दो सौ व पुरुष मजदूरों को तीन सौ रूपए मिल रहा है जिससे गरीब मजदूर परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा रोजगार मिल रही है।

#### ट्रैक्टर-ट्रॉली में किया जा रहा गन्ना फसल का परिवहन

क्षेत्र के किसानों द्वारा गन्ना फसल की कटाई छटाई के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर शक्कर कारखाना तथा गुड़ फैक्ट्रिया में परिवहन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण किसानों की हरा सोना गन्ना फसल की अच्छी दाम मिल रही है। किसानों को पर्चियों के हिसाब से कारखाना में परिवहन शुरू कर दी है। वहीं किसानों ने फसल की कटाई के बाद परिवहन जोर शोर से किया जा रहा है।

## यातायात पुलिस का सराहनीय पहल टीम की तत्परता से बची युवक की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रविवार को जिले में रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में यातायात पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्यवाही से युवक की जान बचाई गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेसी 2491 द्वारा भारी लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चालक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना यातायात पुलिस टीम कवर्धा को दी गई। जिस पर यातायात पुलिस टीम ने तत्परता से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम दुर्घटना की जानकारी मिलते ही कुंवर सिंह यादव, रवींद्र सेन, कमलेश पटेल, सतीश मिश्रा एवं विजय रत्नेश द्वारा घायल युवक को सड़क किनारे पड़ा देखकर टीम ने बिना विलंब उसे यातायात पेट्रोलिंग वाहन में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की इस तत्परता से युवक की जान बच पाई। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने टीम की प्रशंसा की।

## संस्कार स्कूल की छात्रा ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में मारी बाजी



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित संस्कार पब्लिक स्कूल कवर्धा की छात्रा प्रीति तिवारी बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भव्य ऐतिहासिक जीत हासिल कर नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुए। नगर में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रीति तिवारी बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित हुए। जिस पर विद्यालय के खेल शिक्षक प्रदीप साहू ने बताया कि प्रीति इस खेल के साथ ही साथ अन्य खेल जैसे कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, खो खो खेल का भी प्रतिनिधित्व करती है और स्कूल गाइड टीम दल नायिका है। जिस पर विद्यालय परिवार ने छात्रा को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## छात्रों ने किसानों को दी उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोमनी

श्रीराम कृषि महाविद्यालय ठाकुरटोला के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत भरेंगांव में प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी श्वेता शुक्ला एवं सहायक प्राध्यापक किशन सिंह के मार्गदर्शन में किसानों को एजोला से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उर्वरक से मिट्टी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है वह बंजर होते जा रही है। मृदा के स्वास्थ्य की दृष्टि से एजोला एक कारगर उपाय है। एजोला एक प्रकार का जल पादप है, जो पानी की सतह पर तैरता है। इससे मृदा की संरचना में सुधार होता है।

■ मिट्टी को स्वस्थ बनाता है एजोला

एजोला मृदा सुक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने में मदद करता है जिससे उर्वरा शक्ति बढ़ती है। श्री सिंह ने बताया कि एजोला में प्रोटीन, विटामिन ए और बी-12, कैल्शियम, फॉस्फोरस और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पशुओं के लिए आवश्यक हैं। एजोला में लिग्निन की मात्रा कम होती है जिसके कारण पशु आसानी से पचा लेते हैं। पशुओं को एजोला खिलाने से दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।




#### जीवामृत बनाना सिखाया

इसी क्रम में किसानों को जीवामृत बनाने एवं उपयोग के बारे में बताया गया। छात्रों ने बताया कि जीवामृत के लिए 60 किलो देशी गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो दाल का आटा, 2 किलो गुड़, 2 किलो दही, 2 किलो मिट्टी के मिश्रण को 200 लीटर पानी में मिलाकर 7 दिन तक प्लास्टिक के ड्रम में रखना चाहिए। इस घोल में प्रतिदिन सुबह-शाम 3- 3 बार लकड़ी घुमाना है। इस घोल का उपयोग बुवाई के 15 दिन पूर्व करने से मिट्टी मुलायम होती है। मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढती है।

## नाबालिग बालिका अपहरण के आरोपी पुलिस के हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपराध व अपराधिक मामलों में अंकुश लगाने व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं पुष्पेंद्र बघेल द्वारा महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशील और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

इसी कड़ी में थाना तरेगांव जंगल पुलिस ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना तरेगांव जंगल आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। जिस पर थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 23/2024, धारा 137(2) बीएनएस 06 एवं पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। वहीं विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने नाबालिग अपहता को तमिलनाडु के ग्राम आठिकाडू, थाना वेलागोंडमपट्टी जिला नमक्कल से बरामद किया। पुलिस टीम द्वारा महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता से पुछताछ करने पर आरोपी मुखराम ध्रुवें आयु 19 वर्ष ने बताया कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया और फिर तमिलनाडु ले जाकर उसे अपनी पत्नी बताकर मजदूरी कर रहा था। जिस पर तरेगांव जंगल पुलिस ने इस आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 64 (2) (एफ) 64(2)(एम) बीएनएस 06 एवं पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि महिला एवं बाल अपराधों में त्वरित और सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। जिला पुलिस नागरिकों से अपील किया कि ऐसे मामलों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। आपकी सतर्कता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।



## गायत्री महायज्ञ 12 से, रोज पूर्णाहूति में शामिल होंगे तीन हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

शहर में करीब डेढ़ दशक बाद बड़ा धार्मिक आयोजन गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 12 दिसंबर से होने वाला है। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में प्रतिदिन करीब ढाई से तीन लोग पूर्णाहूति देंगे। इस आयोजन की व्यापक तैयारियां क्रिकेट मैदान में की जा रही है।

सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने एवं गायत्री परिवार के सप्त आंदोलन नारी जागरण, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल संस्कार के अलावा यज्ञ के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक कायाकल्प तथा आध्यात्मिक विकास हेतु 12 से 15 दिसंबर तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रखा गया है।

#### कब क्या होगा

कार्यक्रम के तहत पहले दिन 12 दिसंबर को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। देव स्थापना भी किया जाएगा। इसी कड़ी में 13 दिसंबर को योग, ध्यान, जाप, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, विचार क्रांति चलचित्र का प्रदर्शन, 14 को सुबह योग, ध्यान, जप, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, दीप महायज्ञ तथा आयोजन के अंतिम दिन 15 दिसंबर को सुबह योग, ध्यान जप, गायत्री महायज्ञ, विभित्र संस्कार, टोली बिदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



#### साधक संभालेंगे भोजन व्यवस्था

जानकारी के अनुसार श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा के बाद भोजन प्रसाद का भी इंतजाम किया जा रहा है। भोजन कराने में श्री राम स्मृति उपवन चांदो की साधक टीम सहयोग करेगी। कार्यक्रम स्थल पर भोजन, यज्ञशाला में उपाचार्यो की व्यवस्था, सुरक्षा , आवास, पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। सारी जिम्मेदारी गायत्री परिवार के परिजन संभालेंगे।

## मूलभूत सुविधा से वंचित सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुर खुर्द के रहवासियों आज पर्यन्त तक पक्की सीसी रोड के अभाव में आवाजाही में भारी समस्याएं व वार्डवासियों को पक्की नाली निर्माण के अभाव में मूलभूत सुविधा से वंचित नजर आ रहें है। जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों को जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को मूलभूत बुनियादी समस्या से राहत मिल सकें। वहीं गांव की गली-मोहल्लों के बीचों बीच घरों को गंदा पानी बहने से राहगीरों व वार्ड वासियों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिस ग्रामवासियों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि ग्राम सारंगपुर खुर्द आदर्श ग्राम बन सके।



## आसमान में छाएं काले बादल, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पिछले तीन-चार दिनों से आसमान में काले बादल छाएं होने से किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहें है। क्योंकि क्षेत्र के किसानों की खेतों में खड़ी अरहर की फसल के साथ ही साथ सरसो, तिवरा, चना की फसल में कीट प्रकोप की आशंका बनी हुई जिससे क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

### धरमपुरा में श्रीमद भागवत गीता प्रवचन, का समापन

## भागवत गीता भगवान की वाणी आचार्य झम्मन शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम धरमपुरा में भगवत गीता भगवान की वाणी है। इसे सुनने से ही शारीरिक बधाएं दूर हो जाती है। पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के समापन दिवस में गीता सार की कथा बताते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री महराज ने कहा कि सीधे प्रभु के चरण में भगवत गीता पहुंचा देती है। ऐसे महान ग्रंथ भगवान द्वारा हमें प्राप्त है। द्वापर युग में गाई गई गीता भगवान के वाणी द्वारा कलयुग के मानवों को भी ज्ञानी ध्यानी कर्मयोगी बनता है। महराज ने खासकर युवाओं को जोड़ते हुए कहा कि इतिहास गवाह है। संस्कृति और भाषा का सम्मान होना चाहिए। जिस देश में युवा अपने धर्म संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते हैं। उसे देश को परतंत्र होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज्य कर भारत को 2000 वर्ष पीछे धकेल दिया। श्रेष्ठता को नष्ट कर दिया शास्त्री ने कहा कि जब तक आप भगवान को अपना सारथी नहीं बनाएंगे आपकी गाड़ी यानी कि आपका शरीर किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य को साधने के लिए सही नही होगा। हमे पहले अपनी संस्कृति पर गौरव होना चाहिए। वैसे भी भारत देश और इसके सनातनी लोग ने कभी भी दूसरी भाषा दुसरे धर्म के लोगों को परेशान नहीं किया ना ही उनके धर्म को अपमानित किया नही किसी को अपने धर्म को मानने से रोकने की कोशिश की जबकि सनातन धर्म को हजारों साल से लगातार जख्म मिल रहा है। हमारे देश के युवा भगवान के इस मार्ग में चले तिलक चोटी धोती अपने वस्त्र आभूषण परिवेश पर गर्व करे। देश को विश्व गुरु होने से कोई नहीं रोक सकता। शनिवार 07 नवम्बर को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, यज्ञ पूर्णाहूति, सहस्त्र धारा स्नान, भागवत प्रसादीका कार्यक्रम का समापन हुआ।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC IS NOW हिअरज़ॅप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसानो को किया 3.12 करोड़ का भुगतान

**कवर्धा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया जिला-कबीरधाम के पेराई सत्र 2023-24 में विक्रय किए गए 7739 शेयरधारक कृषकों को गन्ना रिक्वरी का भुगतान 10.00 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल राशि 3.12 करोड़ का भुगतान गत 5 दिसम्बर को सीधे किसानो के खातों में जारी किया गया है। इस भुगतान की प्राप्ती से किसानों के चेहरे में खुशी देखी जा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में पैराई सत्र जारी है। प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि किसान भाइयों को गन्ना पैराई के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। जिसे लेकर दिशा निर्देश भी दिया गया है। वर्तमान समय में शादी ब्याह का सीजन चल रहा है जिससे किसानों को उम्मीद थी कि समय पर पैसा मिल जाए तो उनके काम आ जाता। कारखाना प्रबंधन से अब राशि जारी की जा चुकी है जिससे किसानो को बड़ी राहत मिली है।

### युकां का पंडरिया शक्कर कारखाना घेराव आज

**कवर्धा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 दिसम्बर को युवा कांग्रेस के तत्वाधान में कारखाना का घेराव किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने बताया कि युवा कांग्रेस द्वारा गन्ना उत्पादक किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर 9 दिसम्बर को दोपहर समय 1.00 बजे परसवारा चौक के पास सभा एवं तत्पश्चात लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया का घेराव किया जाएगा तथा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जाएगा।

**समस्या:** समिति प्रबंधकों ने ली संघ की बैठक धान खरीदी बंद करने की दी चेतावनी

# केन्द्रों से उठाव के आभाव में लग सकता है धान खरीदी पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पहले ही बारदाना की गंभीर समस्या से जूझ रहा जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का सिस्टम अब धान उठाव की एक और समस्या से लड़खड़ाने लगा है। स्थिति ये है कि अब तो समिति प्रबंधकों ने चेतावनी तक दे डाली है कि वे दो तीन दिन में धान खरीदी ही बंद कर सकते हैं। दरअसल जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी तो जोर शोर से जारी है। पर उसी अनुपात में धान का उठाव केन्द्रों से नहीं किया जा रहा है। अब सोयायटी प्रबंधकों ने चेतावनी दी है कि उठाव नहीं हुआ तो वो धान खरीदी बंद कर देंगे। धान का परिवहन नहीं किए जाने से ये समस्या बढ़ी है। धान खरीदी शुरु हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और एक के बाद एक सामने आ रही इन समस्याओं से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर जिले के समिति प्रबंधकों ने बीते शनिवार को तालपुर कृषि उपज मंडी में बड़ी बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सोसायटी प्रबंधक संघ ने धान उठाव नहीं होने की स्थिति में आगामी बुधवार से खरीदी बंद करने का फैसला लिया है। संघ ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि धान का परिवहन जल्द से जल्द किया जाए। संघ ने कहा कि धान का परिवहन जल्द शुरु नहीं किया गया तो वो खरीदी बंद करने के लिए बाध्य होंगे।

#### नहीं हो रही सही उठाव



सोसायटी प्रबंधकों का आरोप है कि जिले के 98 समितियों के 108 उपार्जन केन्द्रों में 14 नवम्बर से धान खरीदी की जा रही है। सही परिवहन नहीं किए जाने के चलते सोसायटियों में धान जाम हो गया है। किसानों से खरीदे गए धान को रखने तक की जगह नहीं बची है। धान ज्यादा होने के चलते सोसायटी प्रबंधक परेशान हैं। प्रशासन की ओर से धान परिवहन को लेकर गंभीर उपाए नहीं किए जाने का भी आरोप संघ ने लगाया है।

#### आखिर मिलर्स क्यों नहीं उठा रहे धान

सूत्रों की माने तो सरकार से अनुबंध के बाद मिलर्स उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन कर सीधे राइस मिल ले जाते हैं। इस प्रक्रिया से शासन का संग्रहण केन्द्र तक धान ले जाने का परिवहन खर्च बच जाता है। पर छत्तीसगढ़ सरकार ने मिलर्स को मिलने वाले कस्टम मिलिंग के अनुदान रेट को अब तक तय नहीं किया है। यही वजह है कि मिलर्स और सरकार के बीच धान उठाव को लेकर अनुबंध नहीं हो पाया।



## ट्रैक्टर टेंकर पुलिया से गिरा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले से रविवार की सुबह एक और सड़क हादसा सामने आया है जिसमें एक ट्रैक्टर टेंकर के पुलिया से नीचे गिर जाने के कारण चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिले के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 10.00 बजे जिले के रणवीरपुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौरमाटी के पास एक ट्रैक्टर टेंकर अनियंत्रित होकर पुलिस से नीचे गिर गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक नरेश साहू उर्फ छोटे लाल पिता रोहित साहू आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम पवनतरा थाना सिंघनपुरी जंगल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची रणवीरपुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

## नल-जल योजना का बखान कर विभाग थपथपा रहा है सिर्फ अपनी पीठ, रूसे-कापा में योजना ठप



■ कई गांवों में योजना फ्लाप, ग्राम रूसे तथा कापा में ग्रामीणों के नल नहीं उगल रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले का पीएचई विभाग लगातार जनसंपर्क विभाग के माध्यम से नल जल योजना के तथा कथित सफल क्रियान्वयन की सफलता की कहानी प्रचारित करा रहा है लेकिन विभागीय की इस सफलता की कड़वी सच्चाई ये है कि जिले के ऐसे कई गांव है जहां विभाग द्वारा करोड़ों रूपए की राशि खर्च करने के बाद भी न तो ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंच पा रहा है और न ही उनकी प्यास ही बुझ पा रही है। स्थिति से है कि ठंड के इन दिनो में भी ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है की पीएचई विभाग के अधिकारी न तो स्वयं इन गांवों में कभी जाते हैं और न ही जिले के प्रशासनिक आला अधिकारियों को ऐसे गांवों में अपनी करनी दिखाने ले जाते हैं। ऐसा ही कई गांव विकासखण्ड पंडरिया में हैं जहां पीएचई विभाग की नल जल योजना बेकाम साबित हो रही है। जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम रूसे तथा कांपा में पीएचई विभाग ने शासन द्वारा स्वीकृत करोड़ों रूपए की राशि खर्च कर विशालकाय पानी टंकी का निर्माण भी कराया गया है और गांवों के घर-घर में पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाईन भी बिछाई गई है। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की माने तो उन्हें विभाग के इस तामझाम का अब तक कोई लाभ नहीं मिला है। पाईप लाईन बिझाकर नल जरूर लगाया गया है लेकिन वे पानी नहीं उगल रहे हैं। गांव में पानी टंकी जरूर बनी लेकिन उस तक पानी ही नहीं पहुंच रहा है। स्थिति ये है कि विभाग और उसके ठेकेदार ने सरकारी राशि खर्च कर दी है और अपना उल्लू भी सीधा कर लिया है अब इसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है या नहीं इसे देखने वाला न तो विभाग में कोई है न प्रशासन में और नही शासन में।

#### हैण्डपंप से हो रहा गुजारा

ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के नाम पर पीएचई विभाग द्वारा लाखों रूपए की राशि खर्च किए जाने के बाद भी ग्रामीणों का काम हैण्डपंप के सहारे ही चल रहा है। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हैण्डपंप की संख्या इतनी कम है कि गांव की आबादी को पेयजल के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि ठंड के इस सीजन में पेयजल की किल्लत हो रही है जिसे देखकर समझा जा सकता है कि आने वाली ग्रीष्म ऋतु में क्या होगा।

## गांजा बेंचते एक आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के पास से 1.324 किग्रा गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने गांजा बेंचते एक आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 324 ग्राम गांजा तथा 4,000 रूपए नगद जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नगर के नया बस स्टैंड के पीछे अवैध रूप गांजा बेंच रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी शंकर कुर्रे पिता कुमार कुर्रे आयु 20 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11, मोतीपुर, थाना पंडरिया को दबोच लिया।




तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 324 ग्राम गांजा 4,000 नगद राशि जप्त की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

## एक दिवसीय अंग्रेजी प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी पंडरिया दीपक ठाकुर नेतृत्व में एक दिवसीय अंग्रेजी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय संकुल कार्यालय में आयोजित अंग्रेजी प्रशिक्षण कार्यशाला में अंचल के छः संकुल कोदवागोड़ान, दुल्लापुर, खैरडोंगरी, चिंयाडांड, चतरी तथा सरइसेत के अंतर्गत आने वाली समस्त शालाओं के एक-एक शिक्षक उपस्थित हुए। स्कूली बच्चों में अंग्रेजी भाषा का विकास की दृष्टि से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था ताकि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी शालाओं में पढ़ने वाले बच्चों को अंग्रेजी भाषा का समुचित ज्ञानार्जन करा सके। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कर्नल तिवारी, साग़र मानिकपुरी, दिव्या सिंह तथा कात्यायनी सिंह के अलावा संकुल समन्वयक दिलीप कुमार सोनवानी, रामानुज सिंह ठाकुर, जनकसिंह तिलगाम तथा रामसिंह धुर्वे सहित प्रतिभागी सभी छः संकुल के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## शिक्षा विभाग वरिष्ठता-वरिष्ठता का खेल बंद कर शिक्षकों को पदोन्नति दे: जिलाध्यक्ष रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग से वरिष्ठता-वरिष्ठता का खेल बंद कर शिक्षकों को व्याख्याता व प्राचार्य के पद पर पदोन्नति देने की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव के पहले से शिक्षकों व व्याख्याताओं की वरिष्ठता सूची लगातार जारी किया जा रहा है, इसमें जानकारी दो-तीन दिनों में देने के लिए कहा जाता है, जिससे शिक्षकगण उत्साहित हो जाते हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अब कुछ ही दिनों में पदोन्नति हो जाएगा, लेकिन कुछ दिन में पता चलता है कि फिर से वरिष्ठता सूची संबंधी जानकारी मंगाया गया है,




जिससे वे पुनः निराश हो जाते हैं। आखिर यह विचारणीय विषय है कि विभाग वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप क्यों नहीं दे पा रहा है?

विभाग की मंशा पदोन्नति करने की है कि नहीं? उन्होंने आगे बताया कि पदोन्नति के लिए रिक्त पद की जानकारी एक जनवरी की स्थिति में लिए जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार एक अप्रैल की स्थिति में वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दिया जाता है। अब सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग इस वर्ष अप्रैल के बाद नौ महीनों में पदोन्नति के लिए न तो सूची को अंतिम रूप दे पाया और न ही शिक्षकों से जरूरी कागजात ले पाया। आने वाले कुछ दिनों में पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव का आचार संहिता संभावित है, जिससे पदोन्नति में और विलंब हो सकता है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने व्याख्याता व प्राचार्य सहित शिक्षक व प्रधान पाठक के पदों पर शिक्षक संवर्ग को अविलम्ब पदोन्नति देने की मांग किया है।

#### नौ साल से प्राचार्य में पदोन्नति नहीं

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में विगत नौ वर्षों अर्थात सन 2016 के बाद से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि प्राचार्य के पद रिक्त न हो, प्रदेश में प्राचार्य के कुल स्वीकृत 4673 पदों में से लगभग 3600 पद रिक्त है। इसी प्रकार प्रदेश में व्याख्याता के पद पर भी विगत पांच वर्षों से पदोन्नति नहीं हुआ है जबकि व्याख्याता के भी हजारों पद रिक्त है।

## रितु चन्द्राकर को प्रदान की गई पीएचडी की उपाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आचार्य पंथ श्रीग्रंध मुनी नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा में अतिथि व्याख्याता के पद पर कार्यरत रितु चन्द्राकर को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा समाजशास्त्र विषय पर पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. मनीषा महापात्र, प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग, शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के दिशा निर्देशन में पूर्ण किया। इन्होंने अपना शोध कार्य बैगा जनजाति के सामाजिक-आर्थिक विकास पर जन-धन योजना का प्रभाव समाजशास्त्रीय अध्ययन (छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखण्ड के विशेष संदर्भ में) विषय पर पूर्ण किया। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, पति हितेश चन्द्राकर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋचा निश्रा, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कामले, संतोष साहू एवं समस्त गुरूजनों को दिया।

### बाल विवाह रोकने जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य की टीम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। बोड़ला विकासखंड के विभिन्न गांवों, धान संग्रहण केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर लोगों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में इस अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। जागरूकता टीम द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है।

**सेमी, भांटा, चुटचुटिया जैसी सब्जियों के भाव भी छू रहे हैं आसमान**

## ठंड में भी नगर के सब्जी बाजार में गर्मी का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कहने को तो यह शीत ऋतु का दिसम्बर का महिना चल रहा है। लेकिन जहां तक नगर के सब्जी बाजार की बात की जाए तो यहां अभी भी हरी सब्जियों के दामो में गर्मी बरकरार है। स्थिति ये है कि ठंड के इस सीजन में लोकल बाड़ी से थोक भाव में निकलने वाली सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मसलन अगर ठंड के इस सीजन में ग्रामीण क्षेत्रों के घर-घर में होनी वाली सेमी की बात की जाए तो वह इस समय नगर के बाजार में अस्सी रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। इसी प्रकार फूलगोभी भी ठंड के इस सीजन में प्रचुर मात्रा में होती है लेकिन इस समय बाजार में फूलगोभी के दाम भी 40 रूपए प्रति किलो से नीचे नहीं उतर रहे हैं। टमाटर ठंड के इस सीजन में जरूर बीते दो तीन दिनो से 20 रूपए किलो पहुंच गई हैं जो लोगों के लिए राहत की बात है। लेकिन नगर के बाजार में बिकने



वाली मौसमी सब्जी में चुटचुटिया की बात की जाए तो वह भी इस समय 60 रूपए के भाव से बिक रही है। इसी तरफ हर मौमस में बिकने वाली पत्ता गोभी 40 रूपए, भाटा 50 रूपए, आलू 40, मटर 100 रूपए, नवालगोल 40 रूपए, बरबट्टी 40 रूपए, भिंडी 60 रूपए, लहसुन 400 रूपए किलो, प्याज 60 रूपए किलो के भाव से बिक रही है। हां ठंड के इस सीजन में लोकल बाड़ी से निकलने वाली भाजी जरूर लोगों के बजट में है। लाल भाजी, मैथी भाजी, पालक भाजी सहित अन्य भाजी 10 रूपए में 5-6 जूरी बिक रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो ठंड के सीजन में भी नगर का सब्जी बाजार गर्मी का अहसास करा रही है।

## श्रीमद् भागवत गीता प्रवचन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम धरमपुरा जिला कवर्धा मे भगवत गीता भगवान की वाणी है। इसे सुनने से ही शारीरिक बधाएं दूर हो जाती है। पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के समापन दिवस में गीता सार की कथा बताते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि सीधे प्रभु के चरण में भगवत गीता पहुंचा देती है। ऐसे महान ग्रंथ भगवान द्वारा हमें प्राप्त है। द्वापर युग में गाइ गई गीता भगवान के वाणी द्वारा कलयुग के मानवों को भी ज्ञानी ध्यानी कर्मयोगी बनता है। महाराज श्री ने खासकर युवाओं को जोड़ते हुए कहा कि इतिहास गवाह है। संस्कृति और भाषा का सम्मान होना चाहिए। जिस देश में युवा अपने धर्म संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते हैं। उसे देश को परतंत्र होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। अंग्रेजों ने भारत पर 200



साल राज्य कर भारत को 2000 वर्ष पीछे धकेल दिया। श्रेष्ठता को नष्ट कर दिया शास्त्री जी ने कहा कि जब तक आप भगवान को अपना सारथी नहीं बनाएंगे आपकी गाड़ी यानी कि आपका शरीर किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य को साधने के लिए सही नही होगा। हमे पहले अपनी संस्कृति पर गौरव होना चाहिए। वैसे भी भारत देश और इसके सनातनी लोग ने कभी भी दूसरी भाषा दुसरे धर्म के लोगों को परेशान नहीं किया ना ही उनके धर्म को अपमानित किया नाही किसी को अपने धर्म को मानने से रोकने की कोशिश की जबकि सनातन धर्म को हजारों साल से लगातार जख्म मिल रहा है। हमारे देश के युवा भगवान के इस मार्ग में चले तिलक छोटी धोती अपने वस्त्र आभूषण परिवेश पर गर्व करे। देश को विश्व गुरु होने से कोई नहीं रोक सकता। 07 नम्बर गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, यज्ञ पूर्णाहूति, सहस्त्र धारा स्नान, भागवत प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।